# बहु-विकल्पी प्रश्न
# (Multiple Choice Questions)

1. ईसाई मिशनरियों के प्रभावों की जांच करने के लिये किस संस्था का गठन किया गया था?
   (a) तत्वबोधिनी सभा (b) ब्रह्म समाज
   (c) आर्य समाज (d) आत्मीय सभा
2. ब्रह्म समाज का प्रथम सचिव कौन था?
   (a) राजा राममोहन राय (b) ताराचंद्र चक्रवर्ती
   (c) चंद्रशेखर देव (d) देवेंद्रनाथ टैगोर
3. 1849 में स्थापित बैथून स्कूल किससे संबंधित था?
   (a) जन शिक्षा (b) अल्पसंख्यकों की शिक्षा
   (c) दलित वर्गों की शिक्षा (d) महिला शिक्षा
4. ब्रिटिश भारत में दासता प्रथा कब समाप्त हुयी?
   (a) 1833 (b) 1813
   (c) 1829 (d) 1848
5. राजा राममोहन राय के संबंध में नीचे दिये गये कथनों में से कौन-सा/ कौन-से सत्य हैं?
   1. उनका विश्वास था कि पाश्चात्य शिक्षा एवं संस्कृति से भारत का उत्थान हो सकता है
   2. वे वाणिज्यवाद एवं औद्योगीकरण के समर्थक थे।
   3. वे संसदीय व्यवस्था के समर्थक थे।
   4. उन्होंने पुराणों की आलोचना की।
   (a) 1, 2, 3, 4 (b) 1, 2, 4
   (c) 2, 3 (d) 2, 3, 4
6. निम्न में से कौन प्रार्थना समाज से संबद्ध था?
   1. आर.जी.भंडारकर 2. गोविंद राणाडे
   3. आत्माराम पांडुरंग 4. ईश्वरचंद्र विद्यासागर

(a) 1, 3, 4 (b) 1, 2, 3
(c) 2, 3, 4 (d) 1, 2, 3, 4

7. वह प्रथम भारतीय मुस्लिम समाज सुधारक कौन था, जिसने भारतीय मुसलमानों की स्थिति में पराभव पर चिंता प्रकट की?
(a) सर सैय्यद अहमद खां (b) शाह वलीउल्लाह
(c) शाह अब्दुल अजीज (d) सैय्यद अहमद शहीद

8. निम्न में से किस मुस्लिम संस्था ने अंग्रेजी का विरोध किया?
(a) सर सैय्यद अहमद खां (b) शाह वलीउल्लाह
(c) शाह अब्दुल अजीज (d) सैय्यद अहमद शहीद
1. देवबंद स्कूल 2. अलीगढ़ स्कूल
3. वहाबी 4. यूनाइटेड इंडियन पेट्रोटियाटिक एसोसिएशन
(a) 1, 2, 4 (b) 1, 3, 4 (c) 1, 3 (d) 3, 4

9. असत्य कथन/कथनों का चयन कीजिये:
1. दादोबा परमहंस मंडली के संस्थापक एवं राम बालकृष्ण अध्यक्ष थे।
2. आर.जी.भंडारकर, एम.जी.राणाडे एवं आत्माराम पांडुरंग प्रार्थना समाज से संबद्ध थे।
3. राधास्वामी सत्संग के संस्थापक शिवनारायण अग्निहोत्री थे।
4. थियोसोफिकल समाज का उद्देश्य प्राचीन धर्म एवं दर्शन का महिमामंडन करना था।
(a) 1, 2, 4 (b) 2, 3 (c) 3 (d) 1, 3

10. निम्न को सुमेलित कीजिये:
I. दक्कन एजुकेशन सोसायटी (1884) A. राधाकांत देव
II. सेवा समिति (1914) B. एच.एन. कुंजरू
III. सोशल सर्विस लीग (1911) C. जी.जी.आगरकर
IV. धर्मसभा (1829) D. एन.एम.जोशी
(a) I-C, II-B, III-D, IV-A (b) I-B, II-C, III-D, IV-A
(c) I-A, II-B, III-C, IV-D (d) I-B, II-A, III-D, IV-C

11. निम्न को सुमेलित कीजिये:
I. अहलि-ए-हदीस A. सैयद नजीर हुसैन
II. अहलि-ए-कुरान B. मौलवी अब्दुल्ल चक्रालवी
III. नवादत-उल-उलेमा C. मौलाना शिबली नुमानी
IV. अहमदिया आंदोलन D. मिर्जा गुलाम अहमद
(a) I-A, II-B, III-C, IV-D (b) I-B, II-C, III-D, IV-A
(c) I-A, II-B, III-D, IV-C (d) I-D, II-C, III-B, IV-A

12. 1857 के विद्रोह के लिये निम्न में से कौन से कारक उत्तरदायी थे?
1. यह एक कृषक आंदोलन था, जो धार्मिक आंदोलन के रूप में सामने आया।
2. निचले स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार।
3. वे अंग्रेजों को विदेशी मानना।
4. अवध का विलय
(a) 1, 3, 4 (b) 1, 2, 4 (c) 2, 3, 4 (d) 1, 2, 3, 4

13. सन्यासी के संबंध में निम्न में से कौन से कथन सत्य हैं?
1. यह एक कृषक आंदोलन था, जो धार्मिक आंदोलन के रूप में सामने आया।
2. विद्रोही समूहों में संगठित थे तथा उन्होंने गुरिल्ला छापामार प्रणाली अपनायी।

3. विद्रोहियों ने कई स्थानों पर समानांतर सरकार की स्थापना की।
4. उन्होंने सरकारी खजानों को लूटकर उन्हें गरीबों के बीच वितरित कर दिया।
(a) 1, 2, 4 (b) 1, 3, 4 (c) 1, 2 (d) 1, 2, 3, 4

14. उन्नीसवीं शताब्दी के कृषक आंदोलनों के संबंध में असत्य कथन का परीक्षण कीजिये:
(a) अधिकांश विद्रोह स्थानीय थे तथा इनकी प्रकृति राष्ट्रीय नहीं थी।
(b) इसने साम्राज्यवाद की जगह स्थानीय जमींदारो एवं महाजनों को निशाना बनाया।
(c) अधिकांश विद्रोह अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफल रहे।
(d) अधिकांश विद्रोहों का नेतृत्व स्थानीय कृषकों ने ही किया।

15. 1857 के विद्रोह का दमन करने में निम्न अधिकारियों को उनके स्थानों के साथ सुमेलित कीजिये:

| | |
|---|---|
| I. दिल्ली | A. कर्नल नील |
| II. कानपुर | B. कोलिन कैपबेल |
| III. लखनऊ | C. हडसन |
| IV. बनारस | D. जॉन निकोल्सन |

(a) I-A, II-B, III-C, IV-D (b) I-C , II-B, III-D, IV-A
(c) I-C , II-B, III-D, IV-A (d) I-C , II-B, III-B, IV-A

16. 1857 के विद्रोह के संबंध में असत्य कथन चुनिये:
(a) यह एक लोकप्रिय विद्रोह था, जिसमें सैनिकों की तुलना में नागरिक अधिक मारे गये।
(b) यह अंग्रेजों के विरूद्ध पहला विद्रोह था।
(c) अंग्रेजों ने इसे सैन्य विद्रोह तथा कानून एवं विधि की समस्या बताया।
(d) उलेमा ने सक्रियता से इस विद्रोह में भाग लिया।

17. 1857 के विद्रोह के की असफलता के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?
1. यह असंगठित था।
2. यह पूरे भारत में नहीं फैला था।
3. इस विद्रोह में किसी भारतीय रियासत ने भाग नहीं लिया था।
4. शिक्षित वर्ग भी इस विद्रोह से दूर रहा।
(a) 1, 3, 4 (b) 2, 3, 4 (c) 1, 2, 4 (d) 1, 2, 3, 4

18. भील आंदोलन का केंद्र था:
(a) कर्नाटक (b) छोटा नागपुर
(c) भीलवाड़ा (d) खानदेश

19. 1961 में अंग्रेजी सरकार ने किन भारतीय रियासतों को 'स्टार ऑफ इंडिया' की उपाधि से सम्मानित किया?
1. भोपाल 2. ग्वालियर 3. पटियाला
4. रामपुर 5. हैदराबाद 6. बड़ौदा
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 1, 2, 3, 4, 6
(c) 1, 2, 3, 4, 5, 6 (d) 2, 4, 6

20. 1857 के विद्रोह में अंग्रेजों को सहयोग करने वाली भारतीय रियासतें निम्न में से कौन थीं?
1. अवध 2. ग्वालियर 3. हैदराबाद
4. पटियाला 5. रामपुर 6. रीवा
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 1, 2, 3, 4, 6
(c) 1, 2, 3, 5, 6 (d) 2, 3, 4, 5, 6

21. निम्न में से किस विद्रोह के नेता गोमधर कुंवर थे?
    (a) चुआर विद्रोह (b) खासी विद्रोह
    (c) अहोम विद्रोह (d) पागलपंथी विद्रोह
22. 'दमन-ए-कोह' किस विद्रोह के लिये प्रसिद्ध था?
    (a) संथाल (b) मुंडा
    (c) नील विद्रोह (d) दक्कन दंगे
23. पलामू, मानभूम, हजारीबाग एवं रांची के विद्रोह किससे संबंधित थे:
    (a) संथाल विद्रोह (b) मुंडा विद्रोह
    (c) कोल विद्रोह (d) फराइजी विद्रोह
24. फराजी आंदोलन के संबंध में असत्य कथन का चयन कीजिये:
    (a) फराजी आंदोलन के संस्थापक फरीदपुर के हाजी शरीयत उल्लाह थे।
    (b) इसका नाम फरीदपुर के नाम पर रखा गया था।
    (c) यह मूलत: एक कृषक विद्रोह था, जिसमें धर्म का मुद्दा भी सम्मिलित कर लिया गया था।
    (d) विद्रोहियों ने समानता का संदेश दिया तथा यह कहा कि भूमि पर अल्लाह का अधिकार है तथा किसी को भी भू-राजस्व वसूलने का हक नहीं है।
25. मोपला विद्रोह के संबंध में असत्य कथन का चयन कीजिये:
    (a) मोपला कृषक थे, जो मालाबार तट पर रहते थे।
    (b) जेनमी ने स्वयं को भूमि का मालिक घोषित कर दिया तथा उसे यह अधिकार था कि वह किसानों को भूमि से बेदखल कर सकता था।
    (c) अधिकांश जेनमी हिंदु थे, जिन्होंने विद्रोह को साम्प्रदायिक रंग दे दिया।
    (d) इस विद्रोह का नेतृत्व संपन्न मोपला किसानों ने किया।
26. वह कौन सा गर्वनर जनरल था, जिसने उच्च बोली लगाने वाले को भू-राजस्व एकत्रित करने के अधिकार देने की प्रथा की शुरूआत की?
    (a) वारेन हेस्टिंग्स (b) राबर्ट क्लाइव
    (c) लार्ड कार्नवालिस (d) लार्ड वेवेल
27. वह कौन सी पुस्तक है, जिसने वाणिज्यवाद के तीन चरणों-वाणिज्यवादी चरण, पूंजीवादी चरण एवं वित्तीय चरण की व्याख्या की गयी है?
    (a) इंडिया टुडे (b) पैसेज टू इंडिया
    (c) पावर्टी एंड अनब्रिटिश रूल इन इंडिया (d) इकोनॉमिक हिस्ट्री ऑफ इंडिया
28. किस पुस्तक में नील उत्पादक किसानों की व्यथा का वर्णन किया गया है?
    (a) दीनबंधु (b) नील दर्पण
    (c) नील दर्शन (d) आनंद मठ
29. किस वायसराय के कार्यकाल में रेलवे बोर्ड का गठन हुआ?
    (a) लार्ड डलहौजी (b) रिपन
    (c) कर्जन (d) लिटन
30. पहली सूती मिल कहां स्थापित की गयी?
    (a) सूरत (b) अहमदाबाद
    (c) बंबई (d) कानपुर
31. निम्न में से किन राष्ट्रवादियों ने धन के प्रवाह के संबंध में लिखा?
    1. आर.सी. दत्त 2. दादाभाई नौरोजी 3. पीसी राय

4. गोविंद राणाडे 5. दिनशा वाचा 6. मदन मोहन मालवीय

(a) 1, 2, 6 (b) 1, 2, 3 (c) 1, 2, 4, 6 (d) 1, 2, 3, 4, 5, 6

32. उपजमींदारी देखी गयी मुख्यतयाः

(a) स्थायी बंदोबस्त क्षेत्र (b) रैयतवाड़ी क्षेत्र

(c) देशी रियासते (d) महालवाड़ी क्षेत्र

33. भारत में कारखाने स्थापित करने की दिशा में प्रारंभ से लेकर अंत तक सही क्रम क्या था?

(a) पुर्तगाली-मुगल-डच-अंग्रेज (b) पुर्तगाली-मुगल-अंग्रेज-डच

(c) मुगल-पुर्तगाली-डच-अंग्रेज (d) मुगल-पुर्तगाली-अंग्रेज-डच

34. मैक्डोनाल्ड आयोग किससे संबंधित था?

(a) लघु उद्योग (b) नील उत्पादकों की समस्यायें

(c) अकाल (d) दलित वर्ग

35. कृषि के वाणिज्यीकरण के संबंध में असत्य कथन की पहचान करें:

(a) इसने नकदी फसलों को प्रोत्साहित किया।

(b) इससे भारतीय बाजार का अंतर्राष्ट्रीय बाजार से संबंध स्थापित हुआ।

(c) इसने किसानों की निर्धनता बढ़ायी।

(d) इससे किसानों की तुलना में अंग्रेज बागान मालिकों को ज्यादा लाभ हुआ।

36. वह प्रथम पुस्तक या पेपर कौन सा है, जिसमें दादाभाई नौरोजी ने सर्वप्रथम धन के निकास का उल्लेख किया था?

(a) पार्वटी एंड अनब्रिटिश रूल इन इंडिया (b) ड्रेन ऑफ वेल्थ

(c) इंग्लिश डेट टू इंडिया (d) इकोनॉमिक हिस्ट्री ऑफ इंडिया

37. बॉम्बे में एटक का पहला अध्यक्ष किसे चुना गया?

(a) मोतीलाल नेहरू (b) मदन मोहन मालवीय

(c) लाला लाजपत राय (d) एम.एन.राय

38. किस वर्ष श्रमिक संघों की हड़ताल को वैध घोषित कर दिया गया?

(a) 1920 (b) 1922

(c) 1926 (d) 1936

39. किस अधिनियम के द्वारा कारखानों में महिलाओं के काम करने के घंटों का निर्धारण किया गया?

(a) 1881 का प्रथम कारखाना अधिनियम (b) 1891 का द्वितीय कारखाना अधिनियम

(c) 1901 का तृतीय कारखाना अधिनियम (d) मार्ले-मिंटो सुधार

40. 1881 के प्रथम कारखाना अधिनियम द्वारा कारखनों में काम करने वाले श्रमिकों की न्यूनतम आयु निर्धारित कर दी गयी। यह आयु कितनी थी?

(a) 9 (b) 11

(c) 7 (d) 14

41. भारत में रैयतवाड़ी व्यवस्था का जनक कौन था?

(a) टामस मुनरो (b) जान शोर

(c) मैक्कार्टनी (d) एल्फिंस्टन

42. अंग्रेजी शासन के अंतिम दिनों में वह कौन सा राज्य था, जो अकाल से सर्वाधिक प्रभावित हुआ था?

(a) बिहार (b) महाराष्ट्र

(c) बंगाल (d) मध्य प्रांत

43. स्ट्रेची कमीशन ने निम्न में से किसकी संस्तुति नहीं की थी?
    (a) प्रभावित लोगों को कर में रियायत
    (b) असहायों को खाद्यानों की सहायता
    (c) अकाल प्रभावित क्षेत्र के लोगों को रोजगार
    (d) अकाल प्रभावित क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना।
44. अंग्रेजी शासनकाल में राजस्व व्यवस्था को प्रारंभ से अंत तक सही क्रम में रखें:
    1. स्थायी बंदोबस्त 2. रैयतवाड़ी व्यवस्था
    3. महालवाड़ी व्यवस्था 4. नीलामी प्रथा
    (a) 1, 2, 3, 4 (b) 1, 4, 2, 3 (c) 4, 1, 2, 3 (d) 1, 4, 3, 2
45. निम्न में से किस मुगल शासक ने सुनातानी, कोलिकाता एवं गोविंदपुर की जमींदारी अंग्रेजों को प्रदान की थी?
    (a) शुजा (b) अजीमुश्शान
    (c) शाह आलम द्वितीय (d) फर्रूखसियर
46. निम्न में से धन के प्रवाह के स्रोतों का चयन कीजिये:
    1. भारत सचिव के व्यय
    2. इंग्लैंड में भारतीय सेना का प्रशिक्षण
    3. भारत से बाहर के सैन्य अभियानो का खर्च
    4. बंगाल का राजस्व, जिसके द्वारा कच्चा माल खरीदकर निर्यात कर दिया जाता था
    (a) 1 3, 4 (b) 2, 3, 4 (c) 1, 2, 3, 4 (d) 1, 2, 4
47. स्थायी बंदोबस्त के संबंध में निम्न में से कौन से कथन सत्य हैं?
    1. जमींदारों को भूमि का मालिक बना दिया गया
    2. यद्यपि भूमि का वास्तविक स्वामित्व सरकार के पास था
    3. भू-राजस्व की दर को 10/11 भाग निश्चित कर दिया गया था, जो सरकार को देनी थी
    4. यह व्यवस्था मुगल एवं भारतीय पद्धति पर आधारित थी
    (a) 1 2, 4 (b) 1, 2, 3 (c) 1, 2, 3, 4 (d) 2, 3, 4
48. ''न ही हम वेदांतवादी हैं, न ही पुराणिक या तांत्रिक हैं, हम सामान्यतया हमें मत छुओ पर विश्वास करते हैं। हमारा धर्म रसोई तक सीमित है। हमारा ईश्वर खाना पकाने के बर्तन हैं तथा हम मुझे मत छुओ पर विश्वास करते हैं। मैं धार्मिक हूं।'' यह किसका कथन है?
    (a) राजा राममोहन राय (b) रामकृष्ण
    (c) स्वामी विवेकानंद (d) स्वामी दयानंद सरस्वती
49. निम्न में से किसने स्वयं को कृष्ण का अवतार बताया?
    (a) मिर्जा गुलाम अहमद (b) महमूद-उल-हसन
    (c) सर सैयद अहमद खान (d) कासिम नानोत्वी
50. अलीगढ़ आंदोलन से निम्न में से कौन संबंधित थे?
    1. चिराग अली 2. अल्ताफ हुसैन
    3. नाजिर अहमद 4. सर सैयद अहमद खान
    (a) 1 2, 3, 4, 5 (b) 2, 3, 4 (c) 2, 4 (d) 1, 2, 3, 4
51. प्रेम प्रसंग पर लिखी गयी प्रसिद्ध पुस्तक 'हीर रांझा' के लेखक कौन थे?
    (a) इम्तियाज अली ताज (b) मिर्जा हाजी रसवा
    (c) वारिश शाह (d) मीर हसन

52. वह निम्न में से कौन सा शिक्षा आयोग था, जिसने शिक्षा को व्यावसायिक बनाने का सुझाव दिया?
    (a) वुड्स डिस्पैच (b) हंटर आयोग
    (c) रेले आयोग (d) सैडलर आयोग
53. किस आयोग ने 10+2+3 शिक्षा प्रणाली की अनुशंसा की?
    (a) रेले आयोग (b) सैडलर आयोग
    (c) हार्टोग समिति (d) सार्जेंट योजना
54. किस गवर्नर जनरल ने यह निश्चय किया की उसी को सरकारी सेवा में लिया जायेगा, जो अंग्रेजी माध्यम के स्कूल से शिक्षित होगा?
    (a) लार्ड डलहौजी (b) लार्ड विलियम बैंटिक
    (c) लार्ड हार्डिंग प्रथम (d) लार्ड लिटन
55. 1898 में किसने बनारस में सेंट्र हिंदू स्कूल की शुरूआत की, जो आगे चलकर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में परिणित हो गया?
    (a) एम.एम.मालवीय (b) एनी बेसेंट
    (c) लाला लाजपतराय (d) जोनाथन डंकन
56. 'जीव ही शिव है'-जीव की सेवा शिव की सेवा है। यह कथन किसने दिया?
    (a) स्वामी विवेकानंद (b) रामकृष्ण
    (c) स्वामी दयानंद सरस्वती (d) रामस्वामी नायकर
57. खूंटकट्टी प्रथा थी:
    (a) आदिवासियों का संगठित विद्रोह
    (b) स्थानांतरित कृषि, जिसे झूम के नाम से जाना जाता था
    (c) जनजातीय क्षेत्रों में भूमि माप की एक पद्धति
    (d) जनजातीय भूमि का साझा स्वामित्व
58. निम्न में से किस संगठन ने रूढ़िवादी दारूल-उलम-देवबंद एवं आधुनिक अलीगढ़ आंदोलन के बीच समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया?
    (a) नदवात-उल-उलेमा (b) जामिया मिलिया इस्लामिया
    (c) वहाबी (d) उस्मानिया विश्वविद्यालय
59. निम्न को सुमेलित कीजिये:

| | |
|---|---|
| 1. सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी | A. गोपाल कृष्ण गोखले |
| 2. सोशल सर्विस लीग | B. नारायण मल्हार जोशी |
| 3. साधारण ब्रह्म समाज | C. आनंद मोहन बोस |
| 4. देव समाज | D. शिवनारायण अग्निहोत्री |

    (a) I-A, II-B, III-D, IV-C (b) I-A , II-B, III-C, IV-D
    (c) I-B , II-A, III-C, IV-D (d) I-C , II-B, III-D, IV-A
60. निम्न में से किस समाज सुधारक ने यह कहा कि बिना ब्राम्हण पुरोहितों के विवाह का आयोजन किया जा सकता है?
    (a) सी.एन.मुदलियार (b) ज्योतिबा फुले
    (c) रामास्वामी नायकर (d) बी.आर. अंबेडकर
61. निम्न में से कौन प्रार्थना समाज से संबद्ध था?
    1. आत्माराम पांडुरंग 2. आर.जी.भंडारकर
    3. ईश्वरचंद्र विद्यासागर 4. गोविंद राणाडे

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
(c) 1, 2, 4 (d) 1, 2, 3, 4

62. सुब्रम्णयम भारती ने निम्न में से कौन सी कविता लिखी?
(a) वेदांत मंत्रम (b) वंदे मातरम
(c) प्रभात संगीत (d) सांध्य संगीत

63. निम्न में से कौन मुंशी प्रेमचंद्र का उपन्यास नहीं है?
(a) निर्मला (b) गोदान
(c) रंगभूमि (d) बड़े घर की बेटी

64. रवींद्रनाथ टैगोर के संबंध में निम्न में से कौन सा सत्य नहीं है?
(a) उन्होंने शिक्षा की परंपरागत पद्धति का विरोध किया
(b) उन्होंने राष्ट्रवाद के सिद्धांत का विरोध किया
(c) उन्होंने सार्वभौम मानवता एवं भाईचारे का संदेश दिया
(d) उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की गतिविधियों का विरोध किया

65. निम्न में से कौन सा कथन मो. इकबाल से संबंधित नहीं है?
(a) वे उर्दु-फारसी के कवि थे
(b) वे मानव की असीम शक्ति पर विश्वास करते थे
(c) वे राष्ट्रवादी कवि थे हालांकि बाद में उन्होंने राष्ट्रवाद के सिद्धांत का विरोध किया
(d) उन्होंने विभाजन के मुद्दे पर मुस्लिम लीग के प्रस्ताव का समर्थन किया

66. 'न्यू लैम्पस फॉर द ओल्ड' था:
(a) अरबिंदो घोस द्वारा लिखे गये लेखों का संग्रह
(b) सुभाषचंद्र बोस द्वारा लिखे गये पत्रों का संग्रह
(c) मौलाना अबुल कलाम आजाद द्वारा लिखे गये पत्रों का संग्रह
(d) सूर्यसेन द्वारा गठित एक गुप्त संगठन

67. प्रारंभ से अंत तक स्थापना के क्रम में निम्न राजनीतिक संगठनों को व्यवस्थित कीजिये:
1. पूना सार्वजनिक सभा 2. इंडियन एसोसिएशन
3. मद्रास महाजन सभा 4. बांबे प्रेसीडेंसी एसोसिएशन
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 1, 3, 4
(c) 2, 3, 1, 4 (d) 3, 2, 1, 4

68. विनोबा भावे ने भूदान आंदोलन कहां से प्रारंभ किया?
(a) गुंटूर (b) मेहसाना (c) नलगोंडा (d) त्रिपुरी

69. निम्न में से किस स्थान में महात्मा गांधी ने अपना अंतिम उपवास किया?
(a) बेलियाघाट (b) नोआखाली (c) साबरमती (d) दिल्ली

70. वह कौन सा राष्ट्रवादी नेता था, जो 1947 में भारत के विभाजन के समय पूरी मुस्लिम जनसंख्या को पाकिस्तान भेजे जाने की मांग कर रहा था तथा उसने पहले 55 करोड़ रूपये पाकिस्तान को देने का जो वायदा किया था, उसे भी वह पूरा नहीं करना चाहता था?
(a) वी.पी.मेनन (b) सरदार पटेल
(c) एम.ए.के.आजाद (d) सी.राजगोपालाचारी

71. वह कौन सा राष्ट्रवादी नेता था, जिसने फरवरी 1947 में नौसेना के विद्रोहियों को समझाने एवं उसे आत्मसमर्पण के लिये राजी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई?
(a) पटेल एवं नेहरू (b) नेहरू एवं जिन्ना
(c) पटेल एवं जिन्ना (d) नेहरू एवं मौलाना अबुल कलाम आजाद

72. वह कौन सा राष्ट्रवादी नेता था, जिसने 1939 में कांग्रेस सरकारों द्वारा राज्यों से त्यागपत्र देने पर मुस्लिम लीग के साथ मिलकर जश्न मनाया था?
(a) सी.राजगोपालाचारी (b) बी.आर.अंबेडकर
(c) मदनमोहन मालवीय (d) मौलाना अबुल कलाम आजाद

73. 1916 में तिलक ने अपने होमरूल लीग का गठन कहां किया?
(a) सतारा (b) पूना (c) बेलगांव (d) बरार

74. 1919 के अधिनियम में उल्लिखित मंत्रिपरिषद के संबंध में निम्न कथनों का अध्ययन कीजिये तथा असत्य कथन का परीक्षण कीजिये:
(a) कुल सदस्य संख्या 60 होगी, जिसमें से 26 मनोनीत एवं 36 निर्वाचित होंगे
(b) यह पृथक निर्वाचन पद्धति पर आधारित होगी
(c) दो स्थान महिलाओं के लिये आरक्षित होंगे
(d) इसका अध्यक्ष वायसराय द्वारा मनोनीत होगा एवं तथा इसके सदस्यों को 'सम्मानित' कहा जायेगा

75. बंगाल का विभाजन किस तिथि को लागू हुआ?
(a) 16 अक्टूबर (b) 16 सितंबर
(c) 16 अगस्त (d) 24 अक्टूबर

76. तीन काठिया पद्धति निम्न में से किससे संबंधित थी?
(a) असम के चाय बागानों से
(b) चंपारण के नील उत्पादन से
(c) मुंडा आदिवासियों की कृषि पद्धति से
(d) मध्य प्रांत में भू-राजस्व की दर से

77. किस आधार पर प्रदेश कांग्रेस समितियों का गठन किया गया?
(a) भाषा (b) क्षेत्र का आकार
(c) जनसंख्या (d) कोई विशेष आधार नहीं था

78. लाहौर जेल में जतिन दास एवं सहयोगियों के भूख हड़ताल करने का क्या कारण था?
(a) भगत सिंह एवं उनके साथियों को मृत्युदंड की सजा का विरोध
(b) साइमन कमीशन का विरोध
(c) जेल की अमानवीय दशायें
(d) नमक पर कर आरोपित करने के विरोध में

79. 'फिलास्फी ऑफ बम्ब' नामक पुस्तक किसने लिखी?
(a) भगवती चरण बोहरा (b) रामप्रसाद बिस्मिल
(c) भगत सिंह (d) बी.के.दत्त

80. लाला हरदयाल एवं उनके सहयोगियों ने कहां इंडिया इंडिपेंडेंस कमेटी की स्थापना की?
(a) न्यूयार्क (b) बर्लिन
(c) टोक्यो (d) सैन फ्रांसिस्को

81. भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान पहली समानांतर सरकार कहां गठित की गयी?
(a) सतारा (b) बलिया
(c) मिदनापुर (d) चंपारण

82. 1944 में भारत-बर्मा सीमा पर आईएनए के आक्रमण के समय उसका सेनापति कौन था?
(a) कैप्टन प्रेमकुमार सहगल
(b) कैप्टन शाहनवाज खान

(c) कैप्टन गुरूबख्श सिंह ढिल्लों
(d) सुभाषचंद्र बोस

83. स्वदेशी आदोंलन के संबंध में असत्य कथन की पहचान कीजिये:
(a) यह आंदोलन मुख्यता शहरों तक ही सीमित था
(b) आंदोलन में धार्मिक प्रतीकों का उपयोग किया गया
(c) आंदोलनकारियों ने अंग्रेजी सामानों एवं शिक्षण संस्थानों का विरोध किया
(d) मुसलमानों ने इस आंदोलन से स्वयं को दूर रखा

84. सविनय अवज्ञा आंदोलन के तहत गिरफ्तार प्रथम नेता कौन था?
(a) मोतीलाल नेहरू (b) सीआर दास
(c) महात्मा गांधी (d) हसरत मोहानी

85. सविनय अवज्ञा आंदोलन के समय एक स्थान पर एकत्रित मुस्लिम महिलाओं को किस नेता ने संबोधित किया था?
(a) सीआर दास (b) महात्मा गांधी
(c) अरूणा आसफ अली (d) जवाहरलाल नेहरू

86. 'यदि भगवान अश्पृश्यता को सहन कर लेगा तब भी मैं इस पर विश्वास नहीं करूंगा' यह कथन किसका है?
(a) बीआर अंबेडकर (b) महात्मा गांधी
(c) बालगंगाधर तिलक (d) रामास्वामी नायकर

87. निम्न को सुमेलित कीजिये:

| | |
|---|---|
| 1. द सोशलिस्ट (अंग्रेजी) | A. अमृत डांगे |
| 2. नवयुग (बंगाली) | B. मुजफ्फर अहमद |
| 3. इंकलाब (उर्दू) | C. गुलाम हुसैन |
| 4. लेबर किसान गजट | D. एम.सिंगरवेलू |

(a) I-A , II-B, III-C, IV-D (b) I-A, II-c, III-b, IV-d
(c) I-a , II-d, III-C, IV-B (d) I-D , II-A, III-C, IV-B

88. अखिल भारतीय किसान सभा की पहली बैठक में किस कांग्रेस नेता ने भाग लिया था?
(a) जवाहरलाल नेहरू (b) महात्मा गांधी
(c) सुभाषचंद्र बोस (d) राजेंद्र प्रसाद

89. किस नेता ने रॉलेट एक्ट के विरोध में केंद्रीय विधानसभा से त्यागपत्र दे दिया था?
(a) सरदार पटेल (b) मोतीलाल नेहरू
(c) मो. अली जिन्ना (d) आसफ अली

90. 'हम सभी धरती के पुत्र हैं, हमें साथ-साथ रहना है, कृपया मेरी बात सुनें, भारत तब तक विकास नहीं कर सकता, जब तक हिंदू एवं मुसलमान मिलकर काम नहीं करेंगे'। यह कथन किसका है?
(a) मो. अली जिन्ना (b) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(c) सर सैयद अहमद खान (d) खान अब्दुल गफ्फार खान

91. सविनय अवज्ञा आंदोलन में निम्न में से किस/किन वर्गों की भागीदारी सीमित रही थी?
1. श्रमिक 2. बुद्धिजीवी 3. मुसलमान
4. व्यापारी 5. महिलायें 6. कृषक
(a) 1, 3, 4 (b) 1, 2, 3
(c) 2, 3, 4 (d) 2, 3, 5

92. यह नारा किसने दिया 'हिंद-हिंदी-हिंदू'?
(a) लाला लाजपत राय (b) मदनमोहन मालवीय
(c) श्यामा प्रसाद मुखर्जी (d) बालगंगाधर तिलक

93. कानपुर वोल्शेविक षड्यंत्र केस में निम्न में से किस/किन नेताओं को कारावास की सजा दी गयी थी?
1. नलिनी गुप्ता 2. एम.एन.राय
3. मुजफ्फर अहमद 4. एस.ऐ. डांगे
5. शौकत उस्मानी 6. अवनी मुखर्जी
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 3, 4, 6
(c) 1, 2, 3, 4, 5, 6 (d) 2, 3, 4, 5

94. नेहरू रिपोर्ट के संबंध में निम्न में से कौन सा/कौन से कथन सत्य है/हैं?
1. भारत को औननिवेशिक दर्जा देना चाहिये
2. पृथक निर्वाचन व्यवस्था समाप्त कर दी जानी चाहिये
3. मुसलमानों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में विधायिका में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिये
4. वयस्क मताधिकार एवं महिलाओं को मत देने का अधिकार मिलना चाहिये
5. राज्य को धर्मनिरपेक्ष होना चाहिये
(a) 1, 2, 3, 5 (b) 1, 2, 4, 5
(c) 1, 2, 3, 4, 5 (d) 1, 2 5

95. कर (टैक्स) एवं किराया (रेंट) का सही अर्थ क्या है?
(a) कर सरकार द्वारा जमींदारों से वसूल किया जाता था
(b) किराया जमींदारों द्वारा किसानों से वसूल किया जाता था
(c) किराया सरकार द्वारा जमींदारों से वसूल किया जाता था
(d) कर, सरकार द्वारा जमींदारों एवं किसानों दोनों से वसूल किया जाता था

96. वे एक प्रसिद्ध उद्योगपति थे। उन्होंने कई वर्षों तक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वे 1930 में जेल भी गये। इनका नाम था:
(a) जी.डी.बिरला (b) जमनालाल बजाज
(c) जे.आर.डी.टाटा (d) जी.डी.गोयनका

97. द्वैध शासन की समीक्षा के लिये सरकार द्वारा नियुक्त पहली समिति कौन सी थी?
(a) साइमन कमीशन (b) मुडीमन समिति
(c) बटलर समिति (d) हार्टोग समिति

98. निम्न में से कौन सा समाचार पत्र मुस्लिम लीग का आधिकारिक पत्र था?
(a) कौम (b) इंकलाब
(c) स्टार ऑफ इंडिया (d) द डॉन

99. 'मुसलमान मूर्ख थे, जिन्होंने हिंदुओं से सुरक्षा की मांग की तथा हिंदू उनसे भी मूर्ख थे, जिन्होंने मुसलमानों की इस मांग को ठुकरा दिया'। यह कथन किसका है?
(a) मौलाना मो. अली (b) मो.अली जिन्ना
(c) मदनमोहन मालवीय (d) मौलाना अबुल कलाम आजाद

100. वह कौन सी योजना थी, जिसमें भारत को चार भागों-सिंधु घाटी, गंगा घाटी, ब्रम्हपुत्र घाटी एवं दक्कन में विभाजित किया गया था?
(a) राजगोपालाचारी फार्मूला (b) देशाई-लियाकत समझौता
(c) वेवेल योजना (d) कांम्पलैंड योजना

**निर्देशः** नीचे के प्रश्नों में दो वक्तव्य दिये गये हैं। एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है। दोनो वक्तव्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा निम्न आधार पर अपने उत्तर दीजियेः

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) सही है, (R) गलत है।

(d) (R) सही है, (A) गलत है।

101. **कथनः** (A)-कैबिनेट मिशन ने पृथक पाकिस्तान की मांग को अस्वीकार कर दिया।
**कारणः** (R)-हालांकि इसने भाषायी आधार पर प्रांतों के गठन की मांग को स्वीकार कर लिया।

102. **कथनः** (A)-मुस्लिम लीग पाकिस्तान के निर्माण की अपनी योजना में सफल रही।
**कारणः** (R)-लीग को मुसलमानों के सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त था।

103. **कथनः** (A)-मुस्लिम लीग ने 1944-45 में शीतकाल में संपन्न हुये चुनावों में प्रांतीय विधानसभाओं में मुसलमानों के लिये आरक्षित 509 स्थानों में से 492 सीटें जीतीं तथा केंद्रीय विधानसभा में उसने 30 स्थानों पर विजय पायी।
**कारणः** (R)-लीग को मुसलमानों के सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त था।

104. **कथनः** (A)-1928 के उपरांत कांग्रेस एवं साम्यवादियों के रिश्तों में खटास आने लगी।
**कारणः** (R)-साम्यवादियों ने बुर्जुआ वर्ग की एक सभा बुलाई तथा कांग्रेस ने साम्यवादियों को रूसी उपग्रह की संज्ञा दी।

105. **कथनः** (A)-माउंटबेटन योजना का सबसे विवादास्पद भाग भारत का विभाजन था।
**कारणः** (R)-देश के विभाजन के अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं था।

106. **कथनः** (A)-क्रांतिकारी आतंकवादी भारत को सशस्त्र क्रांति के द्वारा स्वतंत्र कराना चाहते थे।
**कारणः** (R)-भारत के लोगों ने उन्हें इस कार्य में पूर्ण सहयोग दिया।

107. **कथनः** (A)-चंपारण सत्याग्रह गांधीजी का भारत में पहला सत्याग्रह था।
**कारणः** (R)-चंपारण सत्याग्रह नील उत्पादक किसानों द्वारा स्थायी बागान मालिकों के विरूद्ध किया गया था।

108. **कथनः** (A)-मो. अली जिन्ना सविनय अवज्ञा आंदोलन में जनता को बिना प्रशिक्षण दिये उसमें शामिल किये जाने के पक्ष में नहीं थे।
**कारणः** (R)-जिन्ना ने गांधीजी को आंदोलन की सफलता पर बधाई दी।

109. **कथनः** (A)-स्थायी बंदोबस्त देश के कुल 19 प्रतिशत भू-भाग पर ही लागू किया गया था।
**कारणः** (R)-ईस्ट इंडिया कंपनी ने इसे उपयोगी नहीं पाया।

110. **कथनः** (A) स्थायी बंदोबस्त देश के कुल 51 प्रतिशत भू-भाग पर ही लागू किया गया था।
**कारणः** (R)-इस क्षेत्र के किसानों का जमींदारों ने भी काफी शोषण किया था।

111. **कथनः** (A)-धन के निकास से भारत में गरीबी बढ़ी।
**कारणः** (R)-धन के निकास को सार्वजनिक करने वाले पहले राष्ट्रवादी नेता दादाभाई नौरोजी थे।

112. **कथनः** (A)-कृषि के वाणिज्यीकरण ने नकदी फसलों की खेती को प्रोत्साहित किया।
**कारणः** (R)-कृषि के वाणिज्यीकरण की शुरूआत अंग्रेजों ने की।

113. **कथन:** (A)-अनौद्योगीकरण से बेरोजगारी का सीधा संबंध था।
**कारण:** (R)-इंग्लैंड की औद्योगिक क्रांति ने भारतीय उद्योगों का विनाश कर दिया।
114. **कथन:** (A)-भारत में रेलवे की शुरूआत अंग्रेजों ने की।
**कारण:** (R)-वे भारत का आधुनिकीकरण करना चाहते थे।
115. **कथन:** (A)-भारत में आधुनिक कारखानों को व्यापक पैमाने पर स्थापित नहीं किया गया था।
**कारण:** (R)-भारतीय पूंजीपति वर्ग इन उद्योगों की स्थापना में सक्षम नहीं था।
116. **कथन:** (A)-19वीं शताब्दी में अनेक कृषक एवं जनजातीय विद्रोह हुये।
**कारण:** (R)-अंग्रेजों की आर्थिक नीतियां शोषणात्मक प्रवृत्ति की थीं।
117. **कथन:** (A)-बंगाल के लोग सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से देश के अन्य भागों की तुलना में ज्यादा जागृत थे।
**कारण:** (R)-अधिकांश समाचार पत्र, पत्रिकायें एवं जर्नल्स बंगाल से ही प्रकाशित होते थे।
118. **कथन:** (A)-19वीं शताब्दी का समय भारत के लिये जागृति का काल था।
**कारण:** (R)-इस कालावधि में देश में कई वैज्ञानिक एवं पाश्चात्य विचारों का प्रसार हुआ।
119. **कथन:** (A)-अंग्रेजों ने भारत में पाश्चात्य शिक्षा प्रारंभ की।
**कारण:** (R)-वे भारत को आधुनिक बनाना चाहते थे।
120. **कथन:** (A)-सर सैयद अहमद खान प्रथम भारतीय थे, जिन्होंने 1857 के विद्रोह के संबंध में लिखा।
**कारण:** (R)-उनका मानना था कि सरकार एवं राजनीतिक दलों तथा जनता के मध्य संवादहीनता इस विद्रोह का कारण था।
121. **कथन:** (A)-1857 का विद्रोह मुख्यतया एक सैन्य विद्रोह था।
**कारण:** (R)-अधिकांश अंग्रेजी इतिहासकारों ने भी इसे सैन्य विद्रोह ही माना है।
122. **कथन:** (A)-स्वामी विवेकानंद ने बहुदेववाद एवं मूर्तिपूजा की आलोचना की।
**कारण:** (R)-स्वामी विवेकानंद आध्यात्मिक एवं भौतिक जीवन में संतुलन के पक्षधर थे।
123. **कथन:** (A)-आर्य समाज आंदोलन एक सुधारवादी आंदोलन था।
**कारण:** (R)-आर्य समाज के लोग पुराणों एवं स्मृतियों पर आधारित समाज एवं राज्य का निर्माण करना चाहते थे।
124. **कथन:** (A)-बहावी आंदोलन एक सुधारवादी आंदोलन था।
**कारण:** (R)-बहावी आंदोलन के लोग पैगंबर एवं खलीफा पर आधारित समाज एवं राज्य का निर्माण करना चाहते थे।
125. **कथन:** (A)-19वीं शताब्दी के सुधार आंदोलनों ने हिंदु एवं मुस्लिम दोनों धर्मों की कुरीतियों पर प्रहार किया।
**कारण:** (R)-इन आंदोलनों ने भारतीय समाज से सभी कुरीतियों को समाप्त कर दिया।
126. **कथन:** (A)-राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय आंदोलन का अभ्युदय 19वीं शताब्दी के अंतिम वर्षों में देखा जा सकता है।
**कारण:** (R)-सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलनों ने शहरी मध्य वर्ग, मजदूरों आदि को संगठित कर राष्ट्रीय आंदोलन को एक ठोस आधार प्रदान किया।
127. स्वामी दयानंद सरस्वती ने निम्न में से किस/किन पुस्तक/पुस्तकों का लेखन किया है?
1. सत्यार्थ प्रकाश
2. वेद भाष्य भूमिका
3. सत्यार्थ भूमिका
4. शुद्धि

(a) 1, 2, 3 (b) 1, 3, 4 (c) 1, 2, 3, 4 (d) 1, 2, 4

128. निम्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों को उनकी स्थापना के वर्षों के आधार पर सही क्रम में संयोजित करें:

1. आदि ब्रम्ह समाज
2. भारत का ब्रम्ह समाज
3. साधारण ब्रम्ह समाज
4. आत्मीय सभा

(a) 4, 3, 2, 1
(b) 4, 2, 1, 3
(c) 1, 2, 3, 4
(d) 3, 4, 2, 1

129. निम्न में से किसे आधिकारिक रूप से क्रिमिनल प्रोसीजर कोड बिल के नाम से जाना जाता था?

(a) इल्बर्ट बिल
(b) रॉलेट एक्ट
(c) इंडियन काउंसिल एक्ट, 1909
(d) साइमन कमीशन

130. किस वायसराय को भारत में सबसे अधिक स्वतंत्रतापूर्वक कार्य करने का अवसर मिला?

(a) लार्ड कर्जन
(b) लार्ड मिंटो
(c) लार्ड वेवेल
(d) लार्ड माउंटबेटन

131. निम्न को सुमेलित कीजिये:

1. भगत सिंह — A. कर्जन वाइली
2. चापेकर बंधु — B. डे
3. गोपीनाथ साहा — C. रैंड तथा एयर्स्ट
4. मदनलाल ढींगरा — D. सांडर्स

(a) I-A, II-B, III-c, IV-d
(b) I-D , II-C, III-B, IV-A
(c) I-D , II-C, III-A, IV-B
(d) I-D , II-B, III-C, IV-A

132. गांधी-इरविन समझौते में किन नेताओं ने प्रमुख भूमिका निभाई?

1. मो. अली जिन्ना
2. तेजबहादुर सप्रू
3. जयकर
4. बी.आर. अंबेडकर

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3 (c) 2, 4 (d) 3, 4

133. 'अल हिलाल' तथा 'अल बिलाग' क्या थे?

(a) टीपू सुल्तान के दो पुत्र, जिन्हें कार्नवालिस की कैद में रखा गया था।
(b) अबुलकलाम आजाद के दो समाचार-पत्र।
(c) मौलाना मो. अली के दो समाचार-पत्र।
(d) क्रमशः पंजाब एवं बंगाल के दो राजनीतिक संगठन।

134. कामरेड (अंग्रेजी) एवं हमदर्द (उर्दु) नामक दो समाचार-पत्रों का प्रकाशन किसके द्वारा किया जाता था?

(a) एम.ए.असांरी
(b) मौलाना मो. अली जौहर
(c) मौलाना हसरत मोहानी
(d) आगा खां

135. कांग्रेस द्वारा गठित राष्ट्रीय योजना समिति का अध्यक्ष किसे बनाया गया था?

(a) आसफ अली
(b) जवाहरलाल नेहरू
(c) तेजबहादुर सप्रू
(d) राजेंद्र प्रसाद

136. अंबाला, पटना, माल्दा एवं राजमहल केस किससे संबंधित थे?

(a) साम्यवादी आंदोलन
(b) क्रांतिकारी आतंकवादी आंदोलन
(c) वहाबी आंदोलन
(d) श्रमिक संघ आंदोलन

137. आर्थिक एवं सामाजिक योजना किससे संबंधित थी?
(a) कांग्रेस का लाहौर अधिवेशन, 1929
(b) नेहरू रिपोर्ट, 1925
(c) कांग्रेस का कराची अधिवेशन, 1931
(d) कांग्रेस का फैजपुर अधिवेशन, 1937

138. वे राजनीतिक दल कौन थे, जिन्होंने साइमन कमीशन का बहिष्कार नहीं किया?
1. मुस्लिम लीग
2. हिंदु महासभा
3. जस्टिस पार्टी
4. पंजाब की यूनियनिस्ट पार्टी
(a) 1, 2, 3 (b) 2, 4 (c) 3, 4 (d) केवल 4

139. निम्न में से किस समाज सुधारक को 'पेरियार' के नाम से भी जाना जाता था?
(a) ई.वी.रामास्वामी नायकर
(b) सी.वी.रमन पिल्लई
(c) बी.आर.अंबेडकर
(d) ज्योतिबा फुले

140. आत्म-सम्मान आंदोलन के उद्देश्य क्या थे?
1. मंदिरों में दलितों को प्रवेश दिलाना
2. मनु स्मृति को जलाना
3. एकेश्वरवाद का प्रचार
4. बिना पंडितों के विवाह संपन्न कराना
(a) 1, 2, 3 (b) 1, 2, 3, 4 (c) 1, 2, 4 (d) 1, 3, 4

141. जस्टिस आंदोलन से निम्न में से कौन संबद्ध थे?
1. सी.एन. मुदालियर
2. टी.एम.नायर
3. पी. त्यागराज रेड्डी
4. ज्योतिबा फुले
5. महात्मा गांधी
(a) 1, 2, 5 (b) 1, 2, 3 (c) 2, 3 (d) 2, 3, 4

142. वह वायसराय कौन था, जिसकी अंडमान में एक बहावी ने हत्या कर दी थी?
(a) लार्ड कैनिंग
(b) लार्ड मेया
(c) लार्ड लिटन
(d) लार्ड चेम्सफोर्ड

143. निम्न मे से किसे 'भारतीय प्रेस का मुक्तिदाता' कहा जाता है?
1. लार्ड हार्डिंग प्रथम
2. लार्ड कर्जन
3. लार्ड मिंटो
4. चार्ल्स मेटकाफ
5. लार्ड मैकाले
(a) 1, 3, 4 (b) 2, 3, 4 (c) 1, 4, 5 (d) 4, 5

144. वर्नाक्युलर प्रेस अधिनियम, 1878 के संबंध में असत्य कथन का परीक्षण कीजिये:
1. यह वायसराय लार्ड रिपन के कार्यकाल में पारित हुआ।
2. 1882 में लार्ड रिपन ने इसे समाप्त कर दिया।
3. इसे 'गैगिंग एक्ट' (मुंह बंद करने वाला अधिरियम) के नाम से भी जाता है।
4 इसने अंग्रेजी एवं देशी-भाषाई (वर्नाक्युलर) समाचार-पत्रों के बीच सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त कर दिया।
(a) 1, 2 (b) 1, 4 (c) 3, 4 (d) 1, 3

145. निम्न में से किस आंदोलन के बाद गांधीजी ने अपने वस्त्रों को त्यागकर साधारण धोती पहनना प्रारंभ कर दिया?
(a) चंपारण सत्याग्रह
(b) खेड़ा सत्याग्रह

(c) असहयोग आंदोलन (d) सविनय अवज्ञा आंदोलन

146. 'इंकलाब जिंदाबाद' का क्या अर्थ है?
   (a) सदा के लिये स्वतंत्रता (b) लंबी क्रांति
   (c) परिवर्तनों का स्वागत है (d) अन्याय के विरूद्ध लड़ाई

147. उन राष्ट्रवादी नेताओं का नाम बताईये, जो अखिल भारतीय कांग्रेस एवं मुस्लिम लीग दोनों के अध्यक्ष बने?
   1. हकीम अजमल खान 2. मौलाना मो. अली
   3. मजहर उल हक 4. रहमतुल्ला सयानी
   5. मजहर उल हक
   (a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 3, 4
   (c) 1, 2, 3 (d) 1, 2, 3, 4, 5

148. निम्न में से किस वर्ग ने असहयोग आंदोलन में भाग नहीं लिया?
   1. किसान 2. श्रमिक
   3. छात्र 4. बड़े पूंजीपति
   5. जमींदार
   (a) 3, 4, 5 (b) 4, 5 (c) 2, 4, 5 (d) केवल 5

149. किसे वैलेंटाइन शिरोल ने 'भारतीय अशांति का जनक' कहा?
   (a) अरबिंदो घोस (b) बालगंगाधर तिलक
   (c) सूर्यसेन (d) बिपिनचंद्र पाल

150. 'सक्रिय प्रतिरोध' की नीति का जनक कौन था?
   (a) महात्मा गांधी (b) बालगंगाधर तिलक
   (c) सूर्यसेन (d) लाला लाजपत राय

## उत्तर

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 2. (b) | 3. (d) | 4. (a) | 5. (a) | 6. (b) | 7. (b) |
| 8. (c) | 9. (c) | 10. (a) | 11. (a) | 12. (d) | 13. (d) | 14. (c) |
| 15. (d) | 16. (b) | 17. (c) | 18. (d) | 19. (b) | 20. (d) | 21. (c) |
| 22. (a) | 23. (c) | 24. (b) | 25. (d) | 26. (a) | 27. (c) | 28. (b) |
| 29. (c) | 30. (c) | 31. (d) | 32. (a) | 33. (a) | 34. (c) | 35. (c) |
| 36. (c) | 37. (c) | 38. (c) | 39. (b) | 40. (c) | 41. (a) | 42. (c) |
| 43. (d) | 44. (c) | 45. (b) | 46. (c) | 47. (b) | 48. (c) | 49. (a) |
| 50. (d) | 51. (c) | 52. (b) | 53. (b) | 54. (c) | 55. (b) | 56. (a) |
| 57. (d) | 58. (a) | 59. (b) | 60. (a) | 61. (c) | 62. (b) | 63. (d) |
| 64. (d) | 65. (d) | 66. (a) | 67. (b) | 68. (c) | 69. (d) | 70. (b) |
| 71. (c) | 72. (b) | 73. (c) | 74. (c) | 75. (a) | 76. (b) | 77. (a) |
| 78. (c) | 79. (a) | 80. (b) | 81. (b) | 82. (b) | 83. (d) | 84. (b) |
| 85. (b) | 86. (c) | 87. (a) | 88. (a) | 89. (c) | 90. (a) | 91. (b) |
| 92. (b) | 93. (c) | 94. (b) | 95. (a) | 96. (b) | 97. (b) | 98. (c) |
| 99. (d) | 100. (d) | 101. (c) | 102. (c) | 103. (c) | 104. (a) | 105. (c) |
| 106. (c) | 107. (b) | 108. (b) | 109. (a) | 110. (c) | 111. (b) | 112. (c) |
| 113. (b) | 114. (c) | 115. (c) | 116. (a) | 117. (a) | 118. (a) | 119. (c) |
| 120. (b) | 121. (d) | 122. (d) | 123. (c) | 124. (a) | 125. (c) | 126. (a) |
| 127. (a) | 128. (b) | 129. (a) | 130. (d) | 131. (b) | 132. (b) | 133. (b) |
| 134. (b) | 135. (b) | 136. (c) | 137. (c) | 138. (c) | 139. (a) | 140. (b) |
| 141. (b) | 142. (b) | 143. (d) | 144. (b) | 145. (c) | 146. (b) | 147. (c) |
| 148. (b) | 149. (b) | 150. (c) | | | | |